**DAINIK BHASKAR**
**INDORE**
**01.01.2023**

दैनिक भास्कर भोपाल 01-01-2023 Pg-10

### 31.55 किमी का कुल ट्रैक, 7500 करोड़ का है प्रोजेक्ट

# इंदौर में 9 महीने बाद दौड़ेगी मेट्रो, 17.5 किमी के कॉरिडोर का 55% काम पूरा

भास्कर न्यूज़ | इंदौर

साल 2023 वैसे तो इंदौर के लिए कई सौगातें लेकर आएगा, लेकिन मेट्रो ट्रेन 21वीं सदी की सबसे बड़ी सौगात होगी। 5.9 किमी के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितंबर 2023 यानी ठीक 9 महीने बाद इंदौर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होगा। इंदौर के इतिहास में पहली बार लोग मेट्रो ट्रेन चलते देखेंगे। फिलहाल इस हिस्से में 45 फीसदी काम पूरा हो चुका है। वहीं पहले चरण के 17.5 किमी के कॉरिडोर की बात करें तो 55 फीसदी काम हो चुका है।

- **31.55** किमी का कुल ट्रैक
- **17.5** किमी का प्रायोरिटी कॉरिडोर
- **5.9** किमी का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर
- **24** किमी में एलिवेटेड ट्रैक होगा
- **7.48** किमी का अंडरग्राउंड ट्रैक होगा
- **29** जगह बनेंगे मेट्रो स्टेशन
- **7500** करोड़ का प्रोजेक्ट

## 31.55 किमी में 29 स्टेशन होंगे



भौंरासला चौराहा, एमआर 10 रोड, आईएसबीटी/ एमआर 10 फ्लायओवर, चंद्रगुप्त चौराहा, हीरा नगर, बापट चौराहा, मेघदूत गार्डन, विजय नगर चौराहा, रेडिसन चौराहा, मुमताज बाग कॉलोनी, बंगाली चौराहा, पत्रकार कॉलोनी, पलासिया चौराहा, हाई कोर्ट/ होटल रेजीडेंसी, रेलवे स्टेशन, राजबाड़ा, मौलाना आजाद मार्ग, बड़ा गणपति आदि।

(जानकारी मेट्रो प्रोजेक्ट अधिकारियों के मुताबिक)

## रायसेन : 34 करोड़ से बन रही सांची बौद्ध विवि की नई बिल्डिंग


रायसेन| 2015 से सांची में शुरु हुए सांची बौद्ध विवि नवीन शिक्षण सत्र 2023 से नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा। अब तक विवि किराए के भवन में चल रहा था। विदिशा-भोपाल रोड पर सांची और सलामतपुर के बीच पहाड़ी पर 120 एकड़ में पहले फेस का निर्माण कार्य 65 फीसदी पूरा हो गया है। 34 करोड़ से एकेडिमिक, एडमिन, लाइब्रेरी, रेस्ट हाउस के साथ बॉयस और गर्ल्स हॉस्टल बनाया जा रहा है। जो जून-जुलाई तक पूरा हो जाएगा और जुलाई-अगस्त से नए शिक्षा सत्र की कक्षाएं नए भवन में लगना शुरू हो जाएगी।

MPMETRO

**FREE PRESS**
**BHOPAL**
**01.01.2023**

## Flash-Forward 2023

# METRO TRAIN TRIAL RUN, BHOPAL MASTER PLAN ON ANVIL




**RAJAN RAIKWAR**
city.bhopal@fpj.co.in

There will be a thud of gifts in New Year, which will make life easy for commoners. The trial run of Metro train, a project of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited, will take place in Bhopal and Indore in September.

Bhopal Metro Project will have two lines and 28 stations. The first line will be between Karondh circle and AIIMS and second line will be between Bhadbhada Square and Ratnagiri Trisection. The Metro train will cut short travel time significantly compared to bus or car.

State government is likely to roll out master plan for Bhopal and some other big cities. The last master plan for Bhopal was rolled out in 1995 and since then no effort was made to bring out new master plan for Bhopal.

THE FREE PRESS JOURNAL Sun, 01 January 2023
https://epaper.freepressjournal.in/c/71295505

**PATRIKA BHOPAL**
**01.01.2023**

### ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी

# मेट्रो स्टेशन, प्रेस कॉम्पलेक्स मार्ग एक महीने बंद रहेगा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** मैदा मिल केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के चलते प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक की रोड़ एक माह तक बंद रहेगी। मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने-जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्सन किया जाना आवश्यक है। 31 दिसंबर की रात से 30 जनवरी तक यातायात डायवर्सन प्लान निम्नानुसार रहेगा।

प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से इन्कम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। हल्के वाहन, दुपहिया, चार पहिया- सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआइ बैंक, निर्माण सदन, भुजल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कॉम्पलेक्स बीएसएनएल ऑफिस , भूजल भवन निर्माण सदन, आरबीआइ बैंक, इन्कम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

भारी व मध्यम वाहन,सभी बसें- सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा ईओडब्ल्यु ऑफिस , बीएसएनएल ऑफिस , प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन एमपी नगर प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा, बीएसएनएल ऑफिस, ईओडब्ल्यु ऑफिस, राजस्व राहत भवन तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

**TIMES OF INDIA**
**BHOPAL**
**01.01.2023**

1) **Heading -** Traffic diversion for Metro rail stn for a month



Traffic diversion for Metro rail stn for a month

Bhopal: The construction work of Metro Rail Station is going on near Central School Number-1 in the city. For this, traffic diversion has ...

... Bhopal: The construction work of Metro Rail Station is going on near Central School Number-1 in the city. For this, traffic diversion has ...





SUNDAY TIMES OF INDIA, BHOPAL
JANUARY 1, 2023

TIMES CITY 5

**Traffic diversion for Metro rail stn for a month**

Times News Network

**Bhopal:** The construction work of Metro Rail Station is going on near Central School Number-1 in the city. For this, traffic diversion has been done from Press Complex trisection to SBI Bank trisection. Traffic will run through the diverted route till January 30. Movement of vehicles from Press Complex trisection to Income Tax office and SBI trisection will be completely restricted. Vehicles going from Subhash Nagar towards MP Nagar will go via I-T office trisection, Nirman Sadan, and Press Complex trisection. Vehicles going from MP Nagar towards Subhash Nagar will also use the same route. The helplines are 0755-2677340, 2443850.

**Link -** https://timesofindia.indiatimes.com/city/bhopal/traffic-diversion-for-metro-rail-stn-for-a-month/articleshow/96656542.cms

http://vinayujala.com/news.php?post=303868

http://hindustanexpress.online/news.php?id=traffic-diverted-from-mp-nagar-towards-subhash-nagar-from-today-400852

**Description -** The construction work of Metro Rail Station is going on near Central School Number-1 in the city. For this, traffic diversion has been done from Press Complex trisection to SBI Bank trisection. Traffic will run through the diverted route till January 30. Movement of vehicles from Press Complex trisection to Income Tax office and SBI trisection will be completely restricted. Vehicles going from Subhash Nagar towards MP Nagar will go via I-T office trisection, Nirman Sadan,  and Press Complex trisection. Vehicles going from MP Nagar towards Subhash Nagar will also use the same route.

**DAINIK BHASKAR**
**ONLINE**
**01.01.2023**

MP में नए साल में मेट्रो का सफर:भोपाल में सितंबर में पूरा होगा काम, इंदौर में इस साल सिर्फ ट्रायल




**Link -** https://www.bhaskar.com/local/mp/indore/news/work-will-be-completed-in-bhopal-in-september-only-trial-in-indore-this-year-130746927.html

**Description -** भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है। भोपाल में पहले ट्रायल और लोकार्पण होगा, वहीं स्थानीय दिक्कतों के चलते इंदौर में तीन महीने बाद लोग मेट्रो की सवारी कर सकेंगे। इंदौर में दिसंबर 2023 तक मेट्रो का ट्रायल हो जाएगा।

MPMETRO

**Dainik Jagran**
**Bhopal**
**01.01.2023**

राजधानी का तापमान/मौसम

अधिकतम 27°9c | न्यूनतम 10.9°c

आज दिनभर मौसम साफ रहेगा। दिन में हवाएं चलेगी।

# राजधानी जागरण

दैनिक जागरण
भोपाल, 01 जनवरी 2023

02

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण   मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

SUNDAY   www.djmp.in/epaper

# नया साल 2023 : विकास की पटरी पर दौड़ेगा शहर, 17 साल बाद आएगा मास्टर प्लान, मेट्रो का सफर होगा शुरू, मिलेंगे फ्लाय ओवर

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** नया साल शहर के लिए बेहतर सुविधाएं और सौगात लेकर आएगा। प्रदेश की राजधानी को सुनियोजित विकास की दिशा में तेजी से बढ़ाने के लिए 17 साल बाद नया मास्टर प्लान लागू हो जाएगा। इतना ही नहीं, ट्रैफिक की आवाजाही को आसान बनाने के लिए मेट्रो दौड़ने लगेगी। फ्लाय ओवर और रेलवे ओवरब्रिज शुरू हो जाएंगे।

## दो साल से शासन के पास अटका ड्राफ्ट, जल्द जारी करेंगे

राजधानी का बहुप्रतीक्षित मास्टर प्लान अगले साल लागू हो सकता है। नगरीय विकास व आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कुछ समय पहले ही ड्राफ्ट जल्द जारी करने की बात कही है। पिछले साल जनवरी में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के डायरेक्टर ने अपनी अनुशंसा के साथ मास्टर प्लान 2031 का मसौदा राज्य शासन को भेज दिया था। तब से यह शासन के स्तर पर लंबित है। अब नियम कहता है कि शासन को ड्राफ्ट पर 30 दिन में दावे-आपत्ति बुलाना होंगे। फिर सुनवाई कर निराकरण करना होगा। इसके बाद ही प्लान लागू कर पाएंगे। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक मसौदे में परिवर्तन नहीं किया गया है। यहां बता दें कि भोपाल का मास्टर प्लान 1995 में आया था। यह वर्ष 2005 तक के लिए था। इसके बाद नया प्लान लागू होना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आखिरकार 15 साल बाद मार्च, 20 में कांग्रेस सरकार ने इसका मसौदा जारी किया था।




## रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच चलेगी मेट्रो



राजधानी में मेट्रो की शुरुआत रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच होगी। यह रूट करीब पांच किमी लंबा होगा। इसमें पांच स्टेशन होंगे। स्टेशन का निर्माण कार्य यूआरसी कंपनी तेजी से कर रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेट्रो चलाने के लिए सितंबर, 2023 तक की समय सीमा तय की है। ऐसी संभावना है कि तब तक मेट्रो का ट्रायल रन हो जाएगा। इसके दो-तीन महीने में नियमित तौर से मेट्रो का संचालन शुरू हो सकता है। यहां ध्यान देने लायक बात है कि वर्ष 2018 के आखिर में मेट्रो रूट निर्माण का कार्य जमीन पर शुरू हो गया था। मौजूदा स्थिति में सुभाष नगर से एम्स के करीब पौने सात किमी लंबा एलिवेटेड रूट का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है।

## गणेश मंदिर फ्लाय ओवर लेगा आकार



हबीबगंज क्रॉसिंग के पास गणेश मंदिर से फ्लाय ओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसका एक आर्म बोर्ड ऑफिस चौराहा, डीबी मॉल, गुरुदेव गुप्त चौराहा होते हुए गायत्री शक्तिपीठ और दूसरा भोपाल हाट चौराहा तक जाएगा। यह फ्लाय ओवर करीब पौने तीन किमी लंबा होगा। इसकी चौड़ाई 15 मीटर होगी। पीडब्ल्यूडी को फ्लाय ओवर निर्माण के लिए 140 करोड़ रुपए की प्रशासकीय मंजूरी मिली थी। इसके लिए वीकेएससी इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड ने 126 करोड़ का ऑफर दिया। कंपनी को सितंबर 20 में कार्यादेश जारी किया गया। जमीन पर काम पिछले साल दिसंबर में शुरू हो पाया। फ्लाय ओवर निर्माण के लिए दो साल का समय दिया गया है। यह मार्च, 2023 में तैयार होने की संभावना है।

## सीवेज की समस्या से मिलेगी निजात

सीवरेज के 442 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे तीन प्रोजेक्ट इस साल पूरे हो जाएंगे। कोलार व भोज वेटलैंड (बड़ा तालाब व अन्य जलस्त्रोत) और शाहपुरा तालाब में सीवेज मिलना बंद हो जाएगा। बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया में अमृत योजना में 145 करोड़ रुपए की लागत से सिस्टम तैयार करने का काम किया जा रहा है। कोलार में 162 करोड़ रुपए खर्च कर सीवेज लाइन बिछाई जा रही है। इसी तरह शाहपुरा लेक में सीवेज मिलने से रोकने के लिए 135 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इन योजनाओं में 75 हजार से ज्यादा घरों में सीवेज कनेक्शन दिए जाएंगे। तीनों प्रोजेक्ट के लिए 2020 की समय सीमा तय की गई थी।



## मार्च तक पूरा होगा शहर का पहला स्मार्ट हाउसिंग प्रोजेक्ट

शहर का पहला स्मार्ट हाउसिंग प्रोजेक्ट अगले साल मार्च में पूरा होने की संभावना है। होटल पलाश रेसीडेंसी के सामने 6.34 हेक्टेयर में 186.86 करोड़ रुपए की लागत से 700 मकानों का निर्माण किया जा रहा है। यहां 13-14 मंजिल वाले छह टॉवर में 336 एफ टाइप और 364 जी टाइप मकान बनाए जा रहे हैं। पार्किंग में एक साथ 700 चार पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे।



1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12   + - Reset

**Raj Express**
**Bhopal**
**01.01.2023**

# मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के चलते एक माह बदला रहेगा ट्रैफिक

**भोपाल(आरएनएन)।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के तहत प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक रोड बंद कर एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने-जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। इसकी सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षित यातायात के नजरिए से निर्माण कार्य के दौरान 31 दिसंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक यातायात डायवर्सन की योजना बनाई गई है।

■ प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से इन्कम टैक्स तिराहा अथवा एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

■ सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले हल्के वाहन या दुपहिया अथवा चारपहिया वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, निर्माण सदन, भुजल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

■ एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कॉम्पलेक्स, बीएसएनएल ऑफिस, भुजल भवन, निर्माण सदन, आरबीआई बैंक, इन्कम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

■ सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले मध्यम व भारी वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यु ऑफिस, बीएसएनएल ऑफिस व प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन एमपी नगर, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा, बीएसएनएल ऑफिस, ईओडब्ल्यू आफिस, राजस्व राहत भवन तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा व सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

MPMETRO


**The People's Samachar**
**Bhopal**
**01.01.2023**

पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 3 January 01, 2023

## मेट्रो की होगी शुरुआत...

वर्ष 2023 में भोपाल को सबसे बड़ी सौगात मिलेगी मेट्रो ट्रेन की। मेट्रो संचालन के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवंबर 2023 तक की समयसीमा निर्धारित की है। लिहाजा प्रायोरिटी से कॉरिडोर के 6.2 किमी रूट में तय डेड लाइन में मेट्रो दौड़ाने के लिए दिन-रात काम किया जा रहा है। कॉरिडोर का काम अंतिम चरण में चल रहा है।



**6.2** किमी लंबा रूट है प्रायोरिटी कॉरिडोर का। इसके लिए दिन-रात काम किया जा रहा है

**226** पिलर बनने हैं एम्स से सुभाष नगर तक प्रायोरिटी कॉरिडोर में

**216** पिलर बनकर तैयार हो गए हैं, इन पर गर्डर भी रखे जा चुके हैं

**2018** नवंबर में शुरू हुआ था काम। कई बाधाएं दूर कर अब रास्ता साफ

# आशाओं और संभावनाओं का 2023

**पीपुल्स टीम भोपाल।** नववर्ष का स्वागत। रोशनी की अनंत किरणें धुंधली पड़ी उम्मीदों और सपनों को दैदीप्यमान करने के लिए तैयार हैं। बीते बरस की खट्टी-मीठी यादों के साथ नए वर्ष की चुनौतियों से पार पाना हमारा लक्ष्य हो। कोरोना सबसे बड़ी चुनौती है, जिससे देश पहले भी उबर चुका है। कोरोना से बचाव के लिए हमें सतर्कता के साथ ही सकारात्मक रहना होगा। देश के हृदय प्रदेश की राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर में मेट्रो शुरू करने की तैयारी अंतिम पड़ाव पर है। तकनीक और डिजिटल युग में 5जी की शुरुआत हो चुकी है। यह साल स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन आदि क्षेत्रों में नई संभावनाएं लेकर आ रहा है...

### तकनीक...बदले जीवन

- श्री महाकाल लोक से शुरू हुआ 5जी अब भोपाल और इंदौर में भी दस्तक दे चुका है। इसका उपयोग जीवन को नए आयाम दे सकता है।
- पढ़ाई और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में आईटी का प्रयोग बढ़ाया जा सकता है, ताकि विशेषज्ञों तक सबकी पहुंच आसान हो।
- ड्रोन टेक्नोलॉजी खेती को ज्यादा किफायती-उत्पादक बनाकर नई हरित क्रांति ला सकती है।

### खेल... विश्वस्तरीय सुविधा मिले

- साल 2023 में भोपाल सहित 7 शहरों में खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन होगा, यह विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए स्वर्णिम अवसर है।
- यह गेम्स भावी खिलाड़ियों की नई पौध भी विकसित करने का मौका देंगे।

### पर्यटन...नए स्थल जुड़ें लिस्ट में

- मप्र ऐसा प्रदेश है जहां प्राचीन धार्मिक स्थल, जंगल व वन्य जीव बहुतायत में हैं। यहां धार्मिक और वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं।
- श्री महाकाल लोक जैसे दूसरे धार्मिक स्थल भी विकसित हो सकते हैं।

### स्वास्थ्य...बढ़ें सुविधाएं

- मप्र के बड़े शहरों में अस्पताल नए रूप में नई सुविधाओं के साथ तैयार हैं। ऐसी ही सुविधाएं छोटी जगहों पर अस्पतालों में भी विकसित जा सकती हैं।
- कोरोना के समय तैयार इंफ्रास्ट्रकचर को देखरेख कर सहेजना जरूरी है।

### उद्योग...स्थाई विकास की नींव

- प्रदेश में आईटी में प्रगति की काफी संभावनाएं हैं, इसका विकास शहरों की प्रगति को नए पंख लगा सकता है।
- इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन से प्रदेश में निवेश आएगा और युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

### संकल्प... बेहतर कल के लिए

- **मप्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को काबू करना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। सजगता और नियमों को मानने से निकलेगा रास्ता।**
- **जनवरी के महीने में कोरोना से सतर्क रहना होगा। कोविड प्रोटोकॉल का पालन ही बचाएगा बीमारी से।**
- **प्रदेश ने सफाई में देश भर में उच्च स्थान बनाया है, लेकिन शहरों व गांवों को और सुंदर-स्वच्छ रखना हर नागरिक का पहला लक्ष्य बने।**
- **हरियाली के लिए प्रसिद्ध हमारा मप्र पहचान न खो दे, इसलिए पेड़ लगाने को संकल्पों में जगह दें।**

MPMETRO

**The People's Samachar**
**Bhopal**
**01.01.2023**

बदलते ज़माने का अख़बार
पीपुल्स समाचार
भोपाल सिटी Page: 04 January 01, 2023

# प्रेस कॉम्पलेक्स से एसबीआई तिराहे तक ट्रैफिक 1 माह बंद

## मेट्रो स्टेशन के निर्माण के चलते बदला रहेगा यातायात

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

राजधानी में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के पास मेट्रो रेल स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक ट्रैफिक डायवर्सन किया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, निर्माण कंपनी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर 31 दिसंबर से 30 जनवरी 2023 तक इस रूट पर यातायात परिवर्तित मार्ग से चलेगा।

### इस प्रकार होगा डायवर्सन

- प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से लेकर इनकम टैक्स और एसबीआई तिराहा तक वाहनों का आवगमन पूरी तरह से बंद रहेगा।
- सुभाष नगर से एमपी नगर की तरफ जाने वाले हल्के वाहन जैसे-दोपहिया और चार पहिया वाहन इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, निर्माण सदन, भूजल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर जा सकेंगे। एमपी नगर से सुभाष नगर की तरफ जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे।



- भारी एवं मध्यम वाहन, सभी बसें इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर और सुभाष नगर की तरफ आवागमन करेंगे।

### परेशानी होने पर इन नंबरों पर फोन कर ले सकते हैं मदद

ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वह परिवर्तित मार्ग का उपयोग करे और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात थाने के हेल्पलाइन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।


**DAINIK BHASKAR**
**Bhopal**
**02.01.2023**

दैनिक भास्कर भोपाल 02-01-2023 Pg-J2

# भोपाल फ्रंट पेज

सूर्यास्त (सोमवार) 5:46 बजे | सूर्योदय (मंगलवार) 7:02 बजे

भोपाल, सोमवार 2 जनवरी, 2023




**2023 मेरा शहर**

## मेट्रो के 8 स्टेशन बनाने का काम तेज, ट्रेन का ट्रायल सितंबर में

**भोपाल** | इस साल सितंबर में राजधानी में मेट्रो का ट्रायल रन होना तय माना जा रहा है। एम्स से सुभाष नगर तक प्रायोरिटी रूट पर ट्रायल रन के लिए वाया डक्ट, स्टेशन और सुभाष नगर स्थित डिपो तीनों जगहों पर काम की स्पीड तेज हो गई है। 6.22 किलोमीटर के प्रायोरिटी रूट पर 8 स्टेशन बन रहे हैं। इस समय कंपनी का फोकस रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर तक के रूट पर ज्यादा है। हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज को लेकर कुछ दिक्कतें अब भी बरकरार हैं।

**6.22** किमी के प्रायोरिटी रूट पर एम्स से सुभाष नगर तक 8 स्टेशन बनाने का काम चल रहा है।

Raj Express

Bhopal

02.01.2023

Pg-01

भोपाल

सोमवार, 02 जनवरी 2023

(पौष शुक्ल पक्ष एकादशी 2079)

वर्ष 18 अंक 288, पृष्ठ 12, मूल्य ₹ 2.50

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस

■ भोपाल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर

www.rajexpress.co

twitter.com/rajexpressnews

www.facebook.com/rajexpressnews

यह क्यू आर कोड स्केन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर

# नए साल में मध्यप्रदेश गढ़ेगा प्रगति के नए सोपान

- भोपाल और इंदौर में शुरू होगी मेट्रो ट्रेन
- देवास को मिलेगी इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात
- खेलो इंडिया के पांचवें सीजन की मेजबानी करेगा मप्र
- मंदाकिनी से मिलेगी नर्मदा, दो लाख हेक्टेयर जमीन का मिलेगा पानी
- ग्वालियर में 4-लेन एलिवेटेड फ्लाई ओवर का होगा निर्माण
- प्रदेश के कई शहरों में शुरू होगा 5जी नेटवर्क



ग्रीन भोपाल क्लीन भोपाल

फोटो- शमीम खान

MPMETRO

12

Hari Bhoomi

Bhopal

02.01.2023



## सितंबर में एम्स तक मेट्रो चलने का रास्ता साफ

# मेट्रो : हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माण को रेलवे की हरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



राजधानी में सुभाष नगर से एम्स तक मेट्रो संचालन के लिए रास्ता साफ हो गया है। अब हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर आरओबी बनाने के लिए रेलवे ने हरी झंडी दे दी है। यहां पर स्टील का आरओबी बनना है।

रेलवे की हरी झंडी मिलने के बाद यह तय हो गया है कि सितंबर 2023 में सुभाष नगर से एम्स तक भोपाल की पहली मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। अधिकारियों के अनुसार इस समय सीमा में काम पूरा करने के लिए पिछले हफ्ते 5 डे वीक खत्म कर 7 डे कर दिया गया था, जिससे काम में काफी तेजी आई और अब रेलवे ने भी हरी झंडी दे दी। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक और उसके बाद एम्स तक के शेष बचे काम पर फोकस रहेगा। हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर भी काम शुरू हो गया है। मेट्रो कंपनी के अनुसार प्रायरिटी कारिडोर के 6.2 किलोमीटर के रूट में तय समयसीमा में भोपाल मेट्रो के संचालन के लिए दिन-रात सिविल शाखा से संबंधित काम किया रहा है। स्टेशन मिलाकर कुल 7 किलोमीटर का मेट्रो कॉरीडोर शुरू होना वर्ष 2023 की सबसे बड़ी उपलब्धि रहेगी। उन्होंने कहा कि एम्स से सुभाष नगर तक प्रायरिटी कोरिडोर में 226 पिलर बनने थे, इनमें से 216 पिलर बनकर पहले तैयार हुए और 10 पिलर का काम भी 90 फीसदी पूरा हो गया। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और मेट्रो डिपो चौराहे के पास प्रायरिटी कारिडोर का काम अंतिम चरण में चल रहा है। यहां रोलिंग स्टाक का काम भी लगभग पूरा हो गया है।

### इस माह शुरू हो जाएगा इन मेट्रो स्टेशन का काम

- सुभाष नगर
- सेंट्रल स्कूल मैदा मिल
- भोपाल हाट के सामने एमपी नगर जोन वन
- सरगम टॉकीज एमपी नगर जोन टू
- रानी कमलापति स्टेशन
- डीआरएम ऑफिस
- अल्कापुरी
- एम्स

### भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल : परिवहन के साथ होगा जल संरक्षण, लगाए जा रहे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

**रेलवे ट्रैक से सीधे भूगर्भ में पहुंचने से 20 लाख लीटर पानी की होगी बचत**

भोपाल भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल के साथ हर साल 20 लाख लीटर बरसात के पानी की बचत होगी। इसके लिए एलीवेटेड ट्रैक के नीचे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। गर्डर पर बारिश का जितना पानी आएगा वह पाइप के जरिए भूगर्भ में जाएगा। बतादें कि पहले चरण में एम्स से सुभाष नगर तक प्रायरिटी कॉरिडोर में वाटर हार्वेस्टिंग तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सात किलोमीटर के ट्रैक के साथ इनके बीच बनने वाले आठ स्टेशनों में बरसात के पानी को सीधे भूगर्भ में पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। मप्र मेट्रो रेल के अधिकारियों ने बताया कि प्रायरिटी कॉरिडोर में 226 पिलर बनना है। इनके बीच की दूरी 31 से 34 मीटर के बीच है। एक पिलर को छोड़कर यानि कि 65 से 70 मीटर की दूरी पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए पाइप डाली जाएगी। इन पाइपों के सहारे पानी नीचे उतरकर ढाई मीटर की मिडियन में जाएगा। यहां कारिडोर के नीचे पानी के लिए रिर्चाज वेल हो गए जो पानी को साफ कर ग्राउंड लेवल में पहुंचाएगा।

**शौचालय में लगाए जाएंगे सेंसर**

मेट्रो रेल के स्टेशनों में बनने वाले शौचालयों व वाश बेसिन में पानी बर्बाद न हो। इसके लिए नलों में सेंसर लगाए जाएंगे। यूरिनल में भी सेंसर लगे होंगे, यहां स्वचालित तंत्र के जरिए नल का पानी नियंत्रित होगा। मेट्रो स्टेशनों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाएगा। सीवेज के पानी को शोधित करके उसे दोबारा प्रयोग किया जा सकेगा। इस पानी का उपयोग धुलाई व पेड़ों की सिंचाई के लिए किया जाएगा।

Dainik Patrika

Bhopal

02.01.2023

पत्रिका patrika.com Pg-02
भोपाल, सोमवार 02 जनवरी 2023

### एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किलोमीटर का ट्रैक बिछाया जाएगा

# जल्द शुरू होगा मेट्रो ट्रैक पर काम, स्टेशनों का कार्य भी शुरू




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** शहर में मेट्रो ट्रेन ट्रैक पर काम मिड जनवरी 2023 से शुरू हो जाएगा। एलएंडटी कंपनी को ट्रैक का काम दिया है। एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी का ट्रैक बिछाया जाएगा। इसके लिए तीन माह का समय तय किया है। साथ ही मेट्रो के सभी 8 स्टेशनों पर भी काम शुरू हो चुका है। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का काम काफी तेजी से चल रहा है और सबसे पहले यही स्टेशन बनकर तैयार होगा।

गौरतलब है दिसंबर 2023 तक मेट्रो चलाने की समय सीमा तय है। इसके लिए बचे कामों को तेजी से पूरा करने काम युद्धस्तर पर हो रहा है। प्रोजेक्ट के तहत पिलर्स व उनपर स्लैब का काम हो चुका है। गणेश मंदिर से साकेत नगर तक रेल लाइन पर गर्डर लांच होना है। अभी गर्डर का फेब्रिकेशन हो रहा है। इसमें तीन से चार माह लगेंगे।

**PRADESH TODAY**
**BHOPAL**
**03.01.2023**

# मेट्रो के कार्य ने पकड़ी गति....



भोपाल। राजधानी में मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से जारी है। अब यह आकार लेने लगी है। पहले चरण में सुभाष नगर से लेकर भोपाल एम्स तक काम जल्द ही पूरा होने वाला है। इस साल सितंबर माह तक मेट्रो के ट्रायल होने की उम्मीद है। **फोटो : तबरेज खान**


MPMETRO

**METRO NEWS**

**04th JANAUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | The Pioneer | Bhopal | 04.01.23 | 03 | An arial view of the under-construction Bhopal Metro line near Kamlapati Railway Station | Neutral |

the pioneer
BHOPAL I WEDNESDAY I JANUARY 04, 2022
capital 03



An arial view of the under-construction Bhopal Metro line near Rani Kamlapati Railway station in Bhopal on Tuesday. The deadline of the project is nearing fast, but almost 40 percent work is still pending. Pioneer photo


MPMETRO

**METRO NEWS**

**06th JANAUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Metro Vaartha | Bhopal & Indore | 06.01.23 | 02 | A view of an under-construction Bhopal Metro line near Rani Kamlapati Railway Station | Positive |

PIXART



*A view of an under-construction Bhopal Metro line near Rani Kamlapati Railway station.*

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Raj Express | Bhopal | 08.01.23 | 03 | एलेवाटेड मेट्रो का 80 प्रतिशत रूट तैयार | Positive |

राज एक्सप्रेस महानगर
रविवार, 8 जनवरी, 2023
www.rajexpress.co
3 भोपाल

# एलिवेटेड मेट्रो का 80 प्रतिशत रूट तैयार



फोटो: अतीक खान

## भूमिगत मेट्रो लाइन के लिए इसी साल शुरू होगा काम

भोपाल। सुभाष नगर से बोर्ड ऑफिस चौराहा होते हुए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से गणेश मंदिर तक एलिवेटेड मेट्रो का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अब इसी साल भूमिगत मेट्रो लाइन के लिए काम शुरू होने की उम्मीद है। राजधानी भोपाल में मेट्रो दौड़ाने के लिए सरकार ने वर्ष 2024 का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको देखते हुए मेट्रो रेल कारपोरेशन का पर्पल कॉरीडोर के सिविल वर्क पर काम चल रहा है।

दरअसल वर्तमान में एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी में एलिवेटेड मेट्रो रूट का निर्माण अंतिम दौर में चल रहा है। रूट के बीच में गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक एलीवेटेड रूट बनाया गया है। इसमें कुल 220 एलिवेटेड पोल बनाए गए हैं। जबकि मेट्रो रेल कारपोरेशन सुभाष नगर से करोंद तक 8.76 किमी लंबा सिविल वर्क करेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि यह काम इसी साल शुरू होगा।

## एम्स से करोंद तक 14.99 किमी रूट

गौरतलब है कि पर्पल कॉरिडोर के तहत एम्स से करोंद तक 14.99 किमी लंबे रूट पर मेट्रो का संचालन किया जाना है। भोपाल में अगले साल में दो रूट पर मेट्रो रेल का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। इसमें पहला रूट 14.19 और दूसरा रूट 12.88 किलोमीटर का होगा।

## भूमिगत लाइन के लिए शुरू होगा काम

इसी रूट में भूमिगत मेट्रो का संचालन होना है। इसको देखते हुए एलिवेटेड रूट के लिए फेस-1 में सुभाष नगर से भारत टॉकीज तक निर्माण कार्य और फेस-2 में सिंधी कॉलोनी से करोंद तक निर्माण कार्य किया जाएगा। भूमिगत मेट्रो के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन के पास भूमिगत स्टेशन, पार्किंग व प्लाजा के लिए 1.15 एकड़ जमीन उपयोग होगी, जबकि डीआइजी बंगले के पास 1.92 एकड़ और सिंधी कॉलोनी पर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन 0.262 एकड़ जमीन में बनाया जाना है।

# METRO NEWS

**13th JANAUARY,2023**

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Dainik Patrika | Bhopal | 13.01.23 | 01 | मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट<br>साकेत नगर से रेल्वे फाटक के पास पीयर्स बने, गणेश मंदिर की ओर जोड़ना बाकी | Neutral |

**मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट:** अलवर से आएंगे प्री-कॉस्ट गर्डर, बंद रेलवे फाटक पर जुड़ेंगे एलीवेटेड लाइन से

## साकेत नगर से रेलवे फाटक के पास पीयर्स बने, गणेश मंदिर की ओर जोड़ना बाकी

पत्रिका स्पॉटलाइट

### 6.22 किमी लंबाई की लाइन में बनेगा एक ही रेलवे ओवरब्रिज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित आरओबी रेलवे फाटक को पार कर गणेश मंदिर के पास रेलवे की एलीवेटेड लाइन से जुड़ेगा। ये फाटक के बिल्कुल ऊपर से ही गुजरेगा। मेट्रो का आरओबी 63 मीटर लंबा होगा। ये प्री-कॉस्ट गर्डर होगा जो यहां असेंबल होकर पीयर्स पर कस दिया जाएगा। अप्रेल से इसका काम शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए साकेत नगर और गणेशमंदिर के पास पीयर्स का काम लगभग पूरा हो चुका है।

रेलवे लाइन पर ब्रिज 90 डिग्री पर होना जरूरी है, इसलिए साकेत नगर से पीयर्स हबीबगंज रेलवे फाटक के पास पीयर्स बनाए गए हैं एम्स से सुभाष ब्रिज तक मेट्रो ट्रेन वे 6.22 किमी लंबाई की लाइन में एक ही रेलवे ओवरब्रिज बनेगा। हालांकि पूरी लाइन एलीवेटेड है, जिससे फाटक से लाइन क्रॉस कर ब्रिज सीधे एलीवेटेड ही रेलवे कॉरीडोर से कनेक्ट हो जाएगा। इस पूरे ट्रेक में आठ रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं



शहर के रिंग रोड स्थिति कान्हा सैया के पास मेट्रो के पीलर बनाए जा रहे हैं। इसका उपयोग मेट्रो लाइन बिछाने में किया जा रहा है।

### 14 किमी लंबी लाइन एम्स से करोंद तक

सुभाष ब्रिज के पास स्टड फार्म की जगह पर मेट्रो डिपो का काम चल रहा है। मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इसे प्रायोरिटी कॉरीडोर का नाम दिया हुआ है। एम्स से करोद तक की 14 किमी लंबी लाइन का ये करीब आधा हिस्सा है और इसे सितंबर 2023 तक शुरू करना है। बीते करीब दो साल से यहां काम चल रहा है। अब काम की गति को बढ़ाया गया है।

### 08 साल में बदले 9 एमडी, कैसे पूरा हो काम?

मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन प्रबंधन में हर साल बदलाव हो रहा है। 2014 से अब तक करीब आठ साल में नौ एमडी बदल चुके हैं। हाल में नए एमडी मनीषसिंह ने काम संभाला है। प्रोजेक्ट की धीमी गति की एक बड़ी वजह ये भी है। सिंह नौवें एमडी है। 2014 से मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट को पूरा करने का जिम्मा आईएएस संजय शुक्ला, गुलशन बामरा, विवेक अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, नीतिश व्यास, मनीषसिंह, छवि भारद्वाज, निकुंज श्रीवास्तव और अब मनीषसिंह पर है।

प्रोजेक्ट की मॉनीटरिंग लगातार की जा रही है। हमारी पूरी टीम काम पर है और तय समय में इसे पूरा कर दिया जाएगा।

**मनीषसिंह, एमडी,** मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन

### 7 हजार करोड़ रुपए में दो लाइन का निर्माण

भोपाल में दो लाइन का निर्माण करीब सात हजार करोड़ रुपए में पड़ेगा। मेट्रो डिपो का खर्च 400 करोड़ रुपए है, जबकि कोच कार सिग्नलिंग का काम 3400 करोड़ रुपए बन रहा है। सिविल और इलेक्ट्रिकल लागत प्रति किमी 80 से 100 करोड़ रुपए बन रही है। ऐसे में समझ सकते हैं कि प्रोजेक्ट में जितनी देरी होगी, लागत उतनी ही बढ़ेगी।

MPMETRO

**METRO NEWS**

**14th JANAUARY,2023**

# Bhopal


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 9 | Times of India | Bhopal | 14.01.23 | 03 | Metro Priority Corridor set for Sept Launch | Neutral |

# Metro priority corridor set for Sept launch

## 'Minimalistic' 4.5Km Track Devpt In Full Swing

Jamal.Ayub@timesgroup.com

A Moeed Faruqui



Metro rail development work near Subhash Nagar

**Bhopal:** 'Priority corridor' development of Bhopal metro is finally gaining visibility on the city skyline. Keeping target in mind, to start of metro rail in nine months, minimalistic development is being set as the way forward.

Priorities have been set fourth for development of about 4.5 km track from metro depot at Studd Farms to Habibganj. If approvals fall in place, in time and a rail-over-bridge constructed, the metro will travel till AIIMS Bhopal.

Keeping it simple, is the new mantra for metro development till September. Bhopal metro rail plan envisaged 28 lanes at the metro depot. If all things fall in place as per plan by September, operations control centre at the Bhopal metro depot will have to only bother about line-of-sight, stabling yard and LRV approach for departure of priority corridor route, which is six lanes. For the two proposed routes for which European Investment Bank (EIB) funding has been sought, the metro depot will have to scale up to 28 lanes.

It's the only alternative to achieve the September target for the delayed metro rail project, said a consultant seeking anonymity. The start will cut close with state assembly elections. Indore and Bhopal metro have the same start date. A number of deadlines have been missed in the last decade. It would be short in the arm for the ruling party.

Not to be missed will be the arrival of a demonstration coach expected around March according to estimates. Latest images of the depot indicate, station level interconnection is almost in place. Girders have been laid. Five metro stations, that will pace the about 35 km speed of the metro rail are underway. It would not be the 3D model envisaged by will be functional for the need. Madhya Pradesh Metro Rail Corporation (MPMRC) is responsible for the construction of the Bhopal Metro. The construction of phase-1 of the project is ongoing. Union government and state government provide 20% of the funding each, while the remaining 60% is procured as loans from international financial institutions like the European Investment Bank. Phase-1 of the development (Red and Blue lines), spanning over 28 km, is currently being constructed. The Red Line connects Karond Circle in North Bhopal to AIIMS in the East, and the Blue Line connects Bhadbhada Square in West Bhopal to Ratnagiri Tiraha in the East. Phase 1, priority corridor is expected to be operational by 2023. Complete construction with the project, spanning over 28 km, to expected to be completed by 2027.

### Clear & present danger: UN report

Sustainable Urban Transport Index Report for Bhopal (UNESCAP, 2019) has come down heavy on implementation of development projects in the state capital. It states, "Despite the allocation of space, most footpaths lack continuity. Development projects like the Metro rail construction, laying of an underground sewer network, and other utility works pose serious challenges to pedestrians, decreasing the ease of walkability in the city." Since the report there has been no effort to makes the roads safe. For thousands of vehicles and commuters, the development of metro has meant potholed or dark patched roads. A number of minor accidents due to route diversion have been reported. TNN

MPMETRO


**METRO NEWS**

**16th JANAUARY,2023**

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 16.01.23 | 04 | इंदौर से 20% आगे भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का काम, फरवरी तक तैयार हो जाएंगे 2 स्टेशन | Neutral |

**मंडे पॉजिटिव** • आरकेएमपी से सुभाष नगर तक 4 किमी ट्रैक पर सितंबर 2023 में मेट्रो के ट्रायल की तैयारी, तेजी से चल रहा है काम




# इंदौर से 20% आगे भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का काम, फरवरी तक तैयार हो जाएंगे 2 स्टेशन

### हर साइट पर 24 घंटे चल रही मशीनें, मार्च से शुरू होगा ट्रैक का काम

इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर तक 4 किमी के मेट्रो रूट पर वाया डक्ट के सिविल वर्क का काम 90 फीसदी तक हो गया है। फरवरी तक वाया डक्ट का काम पूरा हो जाएगा और स्टेशन भी इतने तैयार हो जाएंगे कि वहां से यात्री मेट्रो में बैठ सकें। ट्रैक और सिग्नलिंग का काम मार्च में शुरू हो जाएगा। मेट्रो का कोच बेंगलुरू में बन रहा है।

इस साल सितंबर में मेट्रो के ट्रायल को सुनिश्चित करने के लिए वाया डक्ट के साथ स्टेशन और डिपो का काम तेजी से चल रहा है। हर साइट पर 24 घंटे मशीनें चलते हुए देखी जा सकती हैं। भोपाल और इंदौर में 2018 में वाया डक्ट के सिविल वर्क शुरू हुआ था। भोपाल में यह काम 90% तक हो गया है। केवल 10 पिलर का काम अंतिम चरण में है। इंदौर में वाया डक्ट का काम 70% ही हुआ है। वाया डक्ट के ऊपर ही ट्रैक बिछेगा।

स्टेशन की बात करें तो भोपाल में सुभाष नगर और डीबी मॉल स्टेशन ट्रैक हाइट यानी 12 मीटर तक आ गए हैं। इन स्टेशन पर एंट्री एंड एक्जिट का काम भी लगभग पूरा हो गया है। इंदौर में यह दोनों काम अभी पिछड़े हुए हैं। डिपो के काम में जरूर भोपाल थोड़ा पीछे है, क्योंकि बरसात के मौसम में सुभाष नगर डिपो की साइट पर पानी भर गया था। अभी ट्रैक एंट्री का काम चल रहा है। कंट्रोल बिल्डिंग की छत डल रही है। लोडिंग अनलोडिंग वे का काम चल रहा है। इंदौर में डिपो का काम भोपाल के मुकाबले दस फीसदी अधिक है।

### दोनों शहरों में 2018 में शुरू हुआ था काम

**90%** काम वाया डक्ट का पूरा हुआ भोपाल में, 10 पिलर का काम अंतिम चरण में

**70%** तक काम ही हुआ है इंदौर में वाया डक्ट का।

**भोपाल में बिजली लाइन बिछाने का काम भी लगभग 70% हो गया है।**

### बिजली लाइन बिछाने का काम भी तेज

मेट्रो के लिए बिजली लाइन बिछाने का काम भी लगभग 70 फीसदी हो गया है। गोविंदपुरा से सुभाष नगर तक बिजली लाइन बिछाने के बाद ही सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिकल के दूसरे काम शुरू हो सकेंगे। फरवरी में इसका काम पूरा होने के बाद मार्च से ट्रैक और सिग्नलिंग का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए कंपनी अगले महीने भोपाल आ जाएगी ताकि तैयारियां पूरी की जा सकें।

### जनवरी के अंत तक तय होगी कोच की डिजाइन

मेट्रो के कोच बेंगलुरू में बनेंगे। इस महीने के अंत तक मेट्रो के कोच की डिजाइन तय हो जाएगी। भोपाल और इंदौर दोनों ही शहरों में मेट्रो के लिए एक जैसे ही कोच होंगे। इसका डिजाइन फाइनल होने के बाद चार महीने में कोच बनकर तैयार हो जाएंगे।

MPMETRO

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | Free Press Journal | Bhopal | 16.01.23 | 03 | Work starts on Metro train design | Positive |

# Work starts on Metro train design

OUR STAFF REPORTER
city.bpl@fpj.co.in

The Metro train project is moving ahead with fast pace. Along with other things, metro officials are focusing on design work of Metro train engine and its coaches. Most work related to Metro engine design has been completed.

A senior official involved in Metro Project said a contractor had been tasked with the responsibility to prepare the design of Metro train engine.

Sources said that designs have been sought from the contractor and best design will be selected. "In design, it will be seen what kind of lighting arrangement would be done in Metro train, what kind of seating arrangements will be in coaches, what will be the shape of handles inside the coaches etc," said sources associated with Metro Project.

In initial phase, Metro train will run with three coaches and later three more coaches will be added. The metro engines have been made for six coaches. The construction work of Metro project is on day and night and 7 days of every week.

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Patrika | Bhopal | 19.01.23 | 04 | 750 डीसी थर्ड सिस्टम से दौड़ेगी मेट्रो, नहीं दिखेगी बिजली लाइन | Neutral |

**मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट:** सितंबर तक आरकेएमपी से सुभाष ब्रिज तक ही चलेगी

## 750 डीसी थर्ड सिस्टम से दौड़ेगी मेट्रो, नहीं दिखेगी बिजली लाइन


पत्रिका स्पॉटलाइट

### 3 कोच के बीच में डीसी कंडक्टर

देवेंद्र शर्मा
patrika.com

**भोपाल.** हमारी मेट्रो ट्रेन सितंबर में ही चले, इसके लिए अब इसकी शुरुआती लंबाई लगभग आधी कर दी गई है। एम्स से सुभाष ब्रिज तक की लाइन पर मेट्रो को शुरू करने की बजाय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक मेट्रो शुरू करने की कोशिश है। गणेशमंदिर से साकेत नगर की ओर मेट्रो का ओवरब्रिज बनने में हो रही देरी इसकी वजह है। ऐसे में अब आपको सितंबर में मेट्रो तो चलती मिलेगी, लेकिन टिकिट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक का ही होगा।

रानी कमलापति के बाद प्रगति पेट्रोल पंप, बोर्ड ऑफिस और फि[र] सुभाष ब्रिज तक के स्टेशनों तक ही आवाजाही हो पाएगी। हालांकि इस साल के आखिर तक एम्स से रानी कमलापति तक भी मेट्रो ट्रेन दौड़ाने की स्थिति बना दी जाएगी। गौरतलब है कि एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी लंबाई के ट्रैक पर सितंबर 2023 तक मेट्रो ट्रेन शुरू करने का लक्ष्य तय है। इसमें रेलवे की एलीवेटेड लाइन के लिए काम लगभग पूरा कर लिया गया है लेकिन साकेत नगर से गणेश मंदिर अरेरा कॉलोनी के बीच रेलवे लाइन आने से इस पर ओवरब्रिज बनाना है।



**मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट**

| | |
|---|---|
| 3.00 | किमी लंबाई में रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज तक सितंबर में मेट्रो चलाने की अब कोशिश |
| 6.22 | किमी लाइन एम्स से सुभाष ब्रिज को प्रायोरिटी कॉरीडोर के तौर पर चुना |
| 3300 | करोड़ रुपए के करीब यूरोपियन बैंक से लोन |
| 03 | कोच होंगे एक रैक में फिलहाल |
| 06 | कोच की मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी आगामी समय में |
| 07 | हजार करोड़ रुपए शुरुआती लागत है |

### 02 ट्रेक के बीच में रहेगी बिजली की लाइन

मेट्रो ट्रेन 750 डीसी थर्ड रेल सिस्टम से अपने ट्रेक पर दौड़ेगी। थर्ड रेल सिस्टम को इलेक्ट्रिक रेल या कंडक्टर रेल के रूप में होता है। इसमें एक रेलवे लोकोमोटिव या ट्रेन को डिब्बों के बीच में एक अतिरिक्त छोटा डिब्बा जोड़कर करंट दिया जाता है। यह आधुनिक तकनीक जिसमें बिजली आपूर्ति लाइन को रेल के दो ट्रैक के बीच में रखा जाता है, और ट्रेन को पटरियों पर चलने के साथ निर्बाध बिजली की आपूर्ति मिलती है। बाहरी इलेक्ट्रिफिकेशन दूर रहता है, जिससे आंधी- बारिश में अप्रभावित तौर पर ट्रेन चलती रहती है।

मेट्रो ट्रेन नई विद्युत तकनीक के साथ दौड़ेगी। तय समय पर इसे दौड़ाएंगे। इसके लिए पूरी टीम दिन रात काम कर रही है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है।

**मनीषसिंह,**
एमडी, मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

**करीब 62 मीटर का ओवरब्रिज**

**साकेत** नगर से गणेश मंदिर अरेरा कॉलोनी के बीच करीब 62 मीटर का ओवरब्रिज ब्रिज रहेगा। ऐसे में अब सितंबर तक मेट्रो चलाने के लिए रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक के ट्रैक पर जोर दिया जा रहा है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | The Pioneer | 20.01.23 | 03 | Trial run of Bhopal Metro on 5 km and why the steel bridge is not prepared yet | Neutral |

the pioneer
BHOPAL I FRIDAY I JANUARY 20, 2023



# Trial run for Bhopal metro will be 5 km from Subhash Nagar

STAFF REPORTER ■ BHOPAL

The trial run of Bhopal Metro Rail in Bhopal will now be five kilometers from Subhash Nagar Depot to RKMP Railway Station. The reason for this is the delay in the construction of steel bridge near Rani Kamalapati railway station. Notably, the trial run of Metro was to be done between AIIMS Hospital in Saket Nagar and Subhash Nagar. Then its distance was fixed at 6.22 km.

Officials of MP Metro Rail Corporation Limited said that the distance from one pillar to another of the metro viaduct is between 30 to 34 meters. But the distance from platform number one to five near Rani Kamlapati railway station is 65 meters which cannot hold a long cement-concrete slab. That's why steel bridge will be constructed here.

Officials said that if the viaduct was constructed by erecting pillars here, then trail traffic would have been stopped for hours, due to which many trains would be affected. On the other hand, on making a steel bridge, the work will be done here in a block of two to four hours.

A 65 meter long and 10 meter wide steel bridge is being built near RKMP railway station, its weight will be more than 350 tonnes. For this, the construction of pillars has started at both ends of the crossing. The Metro Rail Company has submitted its design to the Railways on the basis of the design of the bridge built by the Delhi Metro at the Punjabi Bagh railway crossing and has deposited the necessary fee.

MPMETRO

**METRO NEWS**

**23rd JANAUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | Dainik Jagran | Bhopal & Indore | 23.01.23 | 02 | सुनहरे भविष्य की लाइन तैयार, इस रूट पर दोड़ागी मेट्रो | Positive |


राजधानी जागरण

दैनिक जागरण
23 जनवरी, 2023

02

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित www.djmp.in/epaper

# सुनहरे भविष्य की 'लाइन' तैयार, इस रूट पर दौड़ेगी मेट्रो


ड्रोन से लिया गया मेट्रो रूट का फोटो। छाया: पृथ्वीराज

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** राजधानी के सुनहरे भविष्य की 'लाइन' लगभग तैयार हो गई है। इस पर ही विकास की ओर ले जाने वाली मेट्रो दौड़ेगी। एम्स से सुभाष नगर के बीच एलिवेटेड रूट बन चुका है। अब पटरियां बिछाई जाना हैं। स्टेशन का काम भी साथ चल रहा है। हालांकि, शुरुआत में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच मेट्रो दौड़ेगी। इसके ट्रायल रन के लिए इस साल सितंबर की समय सीमा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तय की है। मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक का है। इसके आधे हिस्से यानि एम्स से सुभाष नगर फाटक तक मेट्रो का एलिवेटेड रूट बनाने का काम वर्ष 2018 के आखिर में शुरू किया गया था। पौने सात किमी लंबा रूट बनाने का जिम्मा दिलीप बिल्डकॉन को दिया गया। अतिक्रमण, निर्माणों व अन्य अड़चनों की वजह से मेट्रो का रास्ता बनाने में थोड़ समय लग गया। अब रूट का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है।

इधर, रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच मेट्रो के पांच स्टेशन का कार्य भी तेजी से चल रहा है। गवर्नमेंट प्रेस तिराहा समेत अन्य स्थानों पर स्टेशन का स्ट्रक्चर जमीन के ऊपर नजर आने लगा है। इसके साथ ही मेट्रो रेल पार्क करने व मेंटेनेंस के लिए स्टड फार्म की जमीन पर डिपो का कार्य तेजी से चल रहा है। डिपो का जरूरी हिस्सा बनाने के लिए सितंबर के पहले का टारगेट रखा गया है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | Free Press Journal | 25.01.23 | 02 | Metro Track laying to start in February | Neutral |

# Metro track laying likely to start in February

**Indore:** The laying of tracks of Indore Metro rail is likely to start from next month, said officials. The work would start on the 5.5 km super priority corridor. Kolkata-based Texmaco Rail and Engineering Ltd will supply standard gauge ballastless track for Indore Metro Rail project. The work scope includes designing, supplying, installing, testing, and commissioning the ballastless track of standard gauge for the Indore Metro Yellow Line. The company would be charging Rs 252 crore for the project.

MPMETRO

**METRO NEWS**

**26th JANAUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 26.01.23 | 02 | भोपाल मेट्रो दोगुनी तेजी से चल रहा काम, देश मे पहली बार एक महीने मे कास्ट होंगे 22 पीयर | Factual |

# Print

दैनिक भास्कर भोपाल 26-01-2023

मेट्रो के एमडी ने किया भोपाल प्रोजेक्ट का दौरा, सिविल स्टाफ ने बताया...

## भोपाल मेट्रो... दोगुनी तेजी से चल रहा काम, देश में पहली बार एक महीने में कास्ट होंगे 22 पियर आर्म्स

इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल मेट्रो के स्टेशन का काम नवंबर 2022 की तुलना में इस महीने दोगुना हो चुका है। पूरी संभावना है कि जनवरी में ही सभी 22 पियर आर्म्स भी कास्ट कर दिए जाएं। एक महीने में 22 पियर आर्म्स देश के किसी भी मेट्रो प्रोजेक्ट में कास्ट नहीं हुए हैं। मेट्रो प्रोजेक्ट के सिविल स्टाफ ने ये तथ्य एमडी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन मनीष सिंह को बताई। एमडी बुधवार को मेट्रो स्टेशन निर्माण की प्रगति देखने के लिए निकले थे। शुरुआत सुभाष नगर स्टेशन से हुई। इसके बाद उन्होंने बोर्ड ऑफिस चौराहा, डीबी सिटी मॉल मेट्रो स्टेशन का निर्माण भी देखा और स्टाफ से कहा कि ट्रैफिक पुलिस से सामंजस्य बिठाकर डायवर्सन प्लान तैयार करवाएं और काम में तेजी लाएं। सितंबर 2023 तक प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल रन करना है।

### सिविल काम से जुड़ी डिजाइन और ड्रॉइंग करीब 90% पूरी



**फरवरी में शुरू होगा पटरियां बिछाने का काम...** सिविल स्टाफ ने बताया कि प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सिविल काम से जुड़ी डिजाइन और ड्रॉइंग करीब 90% पूरी की जा चुकी हैं। कॉरिडोर से आगे के प्लान के लिए सुपर स्ट्रक्चर के डिजाइन पहले ही फाइनल किए जा चुके हैं। फरवरी आखिर तक ट्रैक की पहली खेप जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड द्वारा दे दी जाएगी। इसके बाद एलएंडटी पटरियां डालने का काम शुरू कर देगी।

**Online:** https://www.bhaskar.com/local/mp/bhopal/news/work-going-on-twice-as-fast-for-the-first-time-in-the-country-22-pier-arms-will-be-cast-in-5-days-130844872.html

भोपाल मेट्रो: दोगुनी तेजी से चल रहा काम, देश में पहली बार 5 दिन में कास्ट होंगे 22 पियर आर्म्स



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **27** | Times of India | Bhopal | 26.01.23 | 02 | एम्स की बजाए अब रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज तक ही दोड़गी मेट्रो | Factual |

# As work speeds up, stations under Bhopal Metro inspected

Jamal.Ayub@timesgroup.com

**Bhopal:** Inspection of the construction work of the stations under the Bhopal Metro Project was undertaken here on Wednesday.

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation limited (MPMRCL) MD Manish Singh was informed about about the progress of the construction of metro stations along the priority corridor. The scheduled date for start of priority corridor is September 2023.

**ALL EYES ON SEPTEMBER LAUNCH**

Singh inspected the Board Office Chauraha Metro Station. He also instructed officials to coordinate with the traffic police for ease of traffic to be maintained.

After a review of the construction work of the stations Singh said that trial will be held in September this year for Bhopal and Indore metros. Ajay Sharma, Director (Project), Shobhit Tandon, Additional Director (Technical) Sanjay Singh, General Manager, YC Sharma and other senior officials were present.

**ON RIGHT TRACK**

- Priority corridor – consisting of the five stations of Subhash Nagar depot, Kendriya Vidyalaya, MP Nagar, Board Office intersection and Habibganj – has a length of about 4.5 km
- In comparison to November last year, the pace of construction work has doubled this month
- Around 22 pier arms are likely to be cast. These are usually rectangular with chamfered edges and transfer all the loads to the foundation

File Pic



**Design standardisation**

Super structure design and drawings undertaken. Design of super structure for plans beyond priority corridor

**Upcoming work will take five to six months**

Work is in progress in Bhopal and Indore – the track will be completed by the end of February.

After the work of laying the tracks, funding agencies to be approved European Investment Bank for Bhopal and Asian Development Bank for Indore for Phase 1 fund release

Tender documents of remaining corridor in Bhopal. Subhash Nagar to Karond Square and Bhadbhada intersection along with Indore's Ratnagiri Square Palasia to Radisson intersection up for review and clearance.

Proposals are being sent, after which notification will be issued in the month of February

The station contractor told that the speed of concreting and other works has been doubled.

https://timesofindia.indiatimes.com/city/bhopal/as-work-speeds-up-stations-under-bhopal-metro-inspected/articleshow/97336504.cms

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | Patrika | Bhopal | 26.01.23 | 03 | आठ मेट्रो स्टेशन में अब तक 58 पीयर आर्म्स बने, पटरी की पहली खेप फरवरी में आएगी | Factual |

## Print

पत्रिका सिटीजन CITIZEN & CONNECT कनेक्ट

पत्रिका patrika.com

भोपाल, गुरुवार, 26 जनवरी 2023

03

# आठ मेट्रो स्टेशन में अब तक 58 पीयर आर्म्स बने, पटरी की पहली खेप फरवरी में आएगी

**भोपाल@पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत एम्स से सुभाषब्रिज तक निर्माणाधीन आठ मेट्रो ट्रेन स्टेशनों पर 58 पीयर आर्म्स बन गए हैं। 22 पीयर आर्म्स तो एक माह में ही बनाए गए। बताया जा रहा है एक माह में इतने पीयर आर्म्स बनना खुद में बड़ी बात है। पीयर आर्म्स खंभों की तरह होते हैं। ये स्टेशन के आधार के लिए बनाए जाते हैं। इनपर ही स्टेशन का बोझ होता है। मेट्रो ट्रेन के लिए ट्रैक भी अगले माह तक जिंदल स्टील पहली खेप भेज देगा। निर्माण गति बढ़ाने एमडी मेट्रो ट्रेन मनीष सिंह ने बुधवार को मेट्रो स्टेशनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। स्टेशन का काम अगले दो से तीन माह में हर हाल में पूरा करने के लिए कहा गया। गौरतलब है कि एक मेट्रो स्टेशन पर 20 पीयर आर्म्स बनाए जा रहे हैं। आठ स्टेशन के लिए कुल 160 पीयर्स आर्म्स बनेंगे। इसके लिए तेजी से काम किया जा रहा है। बदली योजना के तहत सितंबर 2023 तक रानी कमलापति से सुभाषब्रिज तक मेट्रो दौड़ाई जाएगी। ऐसे में रानी कमलापति, एमपी नगर के साथ सुभाषब्रिज मेट्रो स्टेशन का काम सबसे पहले पूरा करने के लिए कहा गया है।

## मेट्रो गर्डर लॉन्चिंग- जिंसी धर्म कांटा से सुभाष रेलवे अंडर ब्रिज मार्ग 13 दिनों के लिए बंद रहेगा

**भोपाल.** सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज और स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउण्डेशन का निर्माण कार्य हो रहा हैं। जिसके कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक 26 जनवरी से 07 फरवरी तक कुल 13 दिनों तक ये मार्ग बंद रहेगा। जिंसी धर्म कांटा से सुभाष रेलवे अंडर ब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

## Online https://www.patrika.com/bhopal-news/bhopal-metro-train-8004879/

### भोपाल मेट्रो ने पकड़ी रफ्तार, 58 पीयर आम्र्स बने, फरवरी में बिछने लगेगी पटरी

- एमडी मेट्रो रेल कारपोरेशन मनीष सिंह ने मेट्रो स्टेशन के निर्माण का निरीक्षण किया
- फरवरी में सुभाष ब्रिज से करोंद तक की लाइन के भी टेंडर डाक्यूमेंट तैयार, यूरोपियन बैंक से मंजूरी के साथ ही होंगे जारी



MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | Navdunia | Bhopal | 26.01.23 | 02 | मेट्रो के ट्रैल रन मे 248 दिन शेष, 90 प्रतिशत सिवल वर्क पूरा | Factual |

नवदुनिया भोपाल, गुरुवार 26 जनवरी, 2023



# मेट्रो के ट्रायल रन में 248 दिन शेष, 90 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा

**तैयारी:** मुख्यमंत्री ने मेट्रो रेल की डिजाइन को दी हरी झंडी,फरवरी में तैयार होगा पहला स्टेशन

भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार 30 सितंबर 2023 से पहले भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल का टायल रन शुरू करना है। आगामी 248 दिनों के अंदर राजधानी में सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक प्रायोरिटी कारिडोर में ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मेट्रो रेल की डिजाइन फाइनल करने के बाद इसे निर्माण एजेंसी को सौंप दिया गया है। मेट्रो के अधिकारियों ने संभावना जताई है कि मई महीने से मेट्रो के डिब्बों की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसके बाद काम में और तेजी आएगी।

दरअसल, मनीष सिंह को एमडी बनाए जाने के बाद इंदौर और भोपाल दोनों जगह काम की रफ्तार बढ़ी है। इसी के चलते प्रायोरिटी कोरिडोर के पांच में से चार स्टेशन के काम तेजी से हो रहे हैं। इनमें एमपी नगर में बन रहे स्टेशन का 70 फीसदी काम पूरा हो गया है। सुभाष फाटक के पास भी डिपो और स्टेशन के काम की रफ्तार बढ़ी है। यहां भी 50 फीसद से ज्यादा काम पूरा हो गया है। उधर, प्रेस कांप्लेक्स के पास बन रहे स्टेशन के काम की रफ्तार बढ़ी है। रानी कमलापति स्टेशन के सामने बनने वाले स्टेशन का आधार तैयार हो गया है। एमपी नंगर में बन रहे मेट्रो स्टेशन का सिविल वर्क इस माह के अंत तक पूरा हो जाएगा और इसे डेकोरेट करने का काम फरवरी माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

मेट्रो परियोजना में नवंबर से नए एमडी आने के बाद निर्माण कार्यों में दोगुना तेजी आई है। एक माह में 22 पेयर आर्म्स कास्ट हो रहे हैं। जबकि इससे पहले एक माह में छह से आठ पेयर आर्म्स ढाले जा रहे थे। मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर में पांच स्टेशनों के लिए 100 पेयर आर्म्स की ढलाई होनी है। प्रायोरिटी कारिडोर के बायडक्ट का 90 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा हो गया है।



मेट्रो के प्रबंध संचालक ने परियोजना के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। ● नवदुनिया

## मनीष सिंह ने मेट्रो परियोजना का किया निरीक्षण

बुधवार को मनीष सिंह ने सुभाष नगर से एम्स तक के मेट्रो मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो के सभी अधिकारियों, जनरल कल्सटेंट और निर्माण ठेकेदारों को कार्य में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही निर्माणकार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री द्वारा मेट्रो के परिचालन के लिए तय की गई समयमसीमा मे अब बदलाव नहीं होगा, इसलिए सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | People Samachar | Bhopal | 26.01.23 | 05 | 90 प्रतिशत काम पूरा, प्राइऑरटी कॉरिडर में नवंबर तक दोड़ने लगेगी मेट्रो | Factual |

# 90% काम पूरा, प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में नवंबर तक दौड़ने लगेगी मेट्रो

## एमडी ने लिया सुभाष नगर से एम्स तक रूट का जायजा

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

सुभाष नगर से एम्स तक करीब पांच किमी मेट्रो रूट पर नवंबर तक मेट्रो दौड़ाने का दावा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने किया है। इसका करीब 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। 10 फीसदी काम पूरा करने तेजी से काम किया जा रहा है। मेट्रो रूट पर आठ स्टेशन बनने हैं, जिनमें से एमपी नगर, हबीगगंज और सुभाष नगर स्टेशनों का काम तेजी से जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इसी हफ्ते बाकी चार स्टेशनों का काम भी शुरू हो जाएगा।

बुधवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने सुभाष नगर से एम्स तक रूट का जायजा लिया। एमडी ने मेट्रो अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट और कॉन्ट्रैक्टर्स को काम में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही निर्माण कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया। एमडी ने कहा कि सीएम ने मेट्रो चलाने की जो तारीख तय की है, उसमें बदलाव की गुंजाइश नहीं है। इसलिए तय डेडलाइन में ही काम पूरा करें।



**एमडी बदलने से बढ़ी रफ्तार :** मेट्रो परियोजना में नवंबर से नए एमडी आने के बाद निर्माण कार्यों में काफी तेजी आई है। एक माह में 22 पियर आर्म्स कास्ट हो रहे हैं। जबकि इससे पहले एक माह में छह से आठ पियर आर्म्स ढाले जा रहे थे। बता दें कि मेट्रो के प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में पांच स्टेशनों के लिए 100 पियर आर्म्स की ढलाई होनी है। वहीं प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के बायडक्ट का 90 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा हो गया है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | राज एक्स्प्रेस | Bhopal | 26.01.23 | 02 | 22 पीयर आर्म्स कास्ट होते ही ट्राइल के लिए तयार होगी मेट्रो | Factual |

# 22 पीयर आर्म्स कॉस्ट होते ही ट्रायल के लिए तैयार होगी मेट्रो

## एक महीने में कॉस्ट का टॉरगेट, यह देश में होगा पहला रिकार्ड

**भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क**

सितंबर 2023 तक भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले भोपाल में प्रोऑरटी कॉरीडोर में 22 पीयर आर्म्स कास्ट होना हैं। यह काम इस महीने में पूरे होने की संभावना है, जो अपने आप में एक रिकार्ड होगा। अभी तक भारत में किसी भी मेट्रो प्रोजेक्ट में ऐसा नहीं हुआ। बुधवार को मेट्रो के एमडी मनीष सिंह ने प्रोजेक्ट का जायजा लिया और अधिकारियों से अब तक हुए काम का फीडबैक लिया। जहां अधिकारियों एमडी को बताया कि प्रोऑरटी कॉरीडोर के 90 प्रतिशत सिविल काम पूरे हो चुके हैं।

मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन के काम नवंबर 2022 की तुलना में 25 जनवरी तक निर्माण कार्य की रफ्तार दोगुनी हो गई है। इसी माह 22 पीयर आर्म्स कास्ट होने की पूरे संभावना है। वहीं प्रॉऑरटी कॉरिडर के तहत लगभग 90 प्रतिशत सिविल वर्क से संबंधित डिजाइन और ड्राविंग्स फाइनल की जा चुकी हैं। प्रॉऑरटी कॉरीडोर से आगे के प्लान के लिए सुपर स्ट्रक्चर की डिजाइन पहले फाइनल की जा रही है, ताकि 5-6 महीने के समय की बचत हो सके।

भोपाल और इंदौर में कार्य प्रगति पर हैं। फरवरी के अंत तक ट्रैक की पहली खेप जिंदल स्टीलेंड पावर कंपनी डिलिवर कर देगी। जिसके बाद पटरियां डालने का काम कान्ट्रैक्टर एलएण्डटी भोपाल और आईएंससी एण्ड टेक्समॉको इंदौर शुरू कर देगी।



## बचे कॉरिडोर के टेंडर डॉक्यूमेंट्स रिव्यू के लिए भेजेंगे

भोपाल और इंदौर प्रोजेक्ट में फडिंग एजेंसी यूरोपीयन इनवेस्टमेंट बैंक ईआईबी भोपाल और एशियन डेवलपमेंट बैंक एडीबी इंदौर में फेज 1 में बचे हुए कॉरिडोर के टेंडर डॉक्युमेंट्स तैयार हो रहे हैं। भोपाल में सुभाष नगर से करौंद चौराहा, भदभदा चौराहा, रत्नागिरी चौराहा और इंदौर में पलासिया से रेडिसन चौराहा को रिव्यू व क्लीयरेंस के लिए प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। फरवरी में इसका नोटिफिकेशन जारी होगा। मेट्रो एमडी मनीष सिंह को स्टेशन कान्ट्रैक्टर ने बताया कि काम की रफ्तार दोगुनी कर दी गई है। एमडी श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर 2023 में ट्रायल रन की डेडलाईन तय की है। एमडी सिंह ने बोर्ड ऑफिस चौराहा, डीबी माल, मेट्रो स्टेशन का जायजा लिया। वही रानी कमलापति स्टेशन के निर्माण काम की समीक्षा करते हुए कहा कि सितंबर में ट्रायल होना है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | फ्री प्रेस | Bhopal | 26.01.23 | 02 | First lot of metro track to be delivered this month | Factual |

BHOPAL
www.freepressjournal.in
INDORE / BHOPAL | THURSDAY | JANUARY 26, 2023

## First lot of metro track to be delivered this month

**Bhopal:** The speed of construction work under the Metro rail project in Bhopal has gained momentum. The work in January is being carried out at double the speed. The first lot of track will be delivered by Jindal Steel and Power Limited by the end of the month. After this, the work of laying the train track would commence. said Managing Director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, Manish Singh who inspected the works on Wednesday.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | Swadesh | Bhopal | 26.01.23 | 03 | इंदौर, भोपाल में मार्च से शुरू होगा मेट्रो की पटरियाँ बिछाने का काम | Factual |

स्वदेश www.swadesh.in

74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने किया मेट्रो परियोजना का निरीक्षण

# इंदौर, भोपाल में मार्च से शुरू होगा मेट्रो की पटरियां बिछाने का काम

**छह माह का समय बचाने पहले ही तय कर लिया सुपर स्ट्रक्चर की डिजाइन का काम**

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह, ने भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्टेशन की निर्माण प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रबंध संचालक को स्टेशन की प्रगति से अवगत करवाते हुए बताया गया की नवंबर, 2022 माह की तुलना में जनवरी, 2023 में निर्माण कार्य की रफ्तार दोगुनी हो गई है और इसी माह 22 पीयर कास्ट होने की पूर्ण संभावना है जो की अपने आप में एक रिकार्ड होगा । अभी तक भारत में किसी भी मेट्रो प्रोजेक्ट में ऐसा नहीं हुआ है। प्राइऑरटी कॉरिडर के तहत लगभग 90 प्रतिशत सिविल कार्यों से संबंधित डिजाइन तथा ड्राविंग्स फाइनल की जा चुकी हैं एवं ठेकेदार को निर्गत कर दी गयी हैं। प्राइऑरटी कॉरिडर से आगे के प्लान के लिए सुपर स्ट्रक्चर के डिजाइन पहले ही फाइनल कर ली जा रही हैं ताकि अगले कार्य में 5-6 माह जो डिजाइन में लगते थे उसकी बचत होगी। अधिकारियों ने बताया कि भोपाल तथा इंदौर में कार्य प्रगति पर हैं तथा इसी कड़ी में फरवरी माह के अंत तक ट्रैक की पहली खेप डिलिवर कर दी जाएगी जिसके बाद पटरियों डालने का काम कान्ट्रैक्टर भोपाल) तथा इंदौर) द्वारा शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। प्रबंध संचालक से यह भी बताया गया की भोपाल तथा इंदौर प्रोजेक्ट में फन्डिंग एजेंसी (यूरोपीयन इनवेस्टमेंट बैंक भोपाल) तथा (एशियन डेवलपमेंट बैंक - इंदौर) में फेज 1 मे बचे हुए कॉरिडर के टेन्डर डॉक्युमेंट्स (भोपाल- सुभाष नगर से करौद चौराहा तथा भदभदा चौराहा- रत्नागिरी चौराहा) एवं (इंदौर- पलासिया से रडिसन चौराहा) को रिव्यू एवं क्लीरन्स के लिए प्रस्ताव भेज जा रहे हैं। जिसके बाद फरवरी माह में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। साथ ही प्रबंध संचालक ने मध्य प्रदेश में मेट्रो की संकल्पना को धरातल पर उतार रहे सभी स्टेक होल्डर्स मेट्रो के अधिकारियों, जनरल कन्सल्टन्ट एवं कान्ट्रैक्टर को अपनी जिम्मेवारियों के प्रति निष्ठावान रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सख्त निर्देश भी दिए कि निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री द्वारा सितंबर, 2023 में ट्रायल रन की निर्धारित समय सीमा अपरिवर्तनीय है, इसलिए सभी कार्य ससमय पूर्ण हो जाने चाहिए।

**पहले फेज में सुभाष फाटक से रानी कमलापति तक चलेगी ट्रेन**



पहले फेज में सितंबर 2023 से मेट्रो का परिचालन शुरु होगा जिसके लिए पांच स्टेशन का काम तेज से चल रहा है। सुभाष फाटक से रानी कमलापति स्टेशन तक करीब साढ़े तीन किमी लंबा सफर है जिसके चलते काम में तेजी लाई गई है।

## सुभाष नगर में देखा स्टेशन निर्माण का काम

सर्वप्रथम प्रबंध निदेशक द्वारा निर्माण कार्यों के निरीक्षण की शुरूआत सुभाष नगर स्टेशन से हुई। उन्होंने स्टेशन में निमार्णाधीन कान्कोर्स लेवल, प्लेटफॉर्म लेवल, ट्रैक आदि समेत कई निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया तथा निमार्णाधीन कार्यों को ससमय पूरा करने के लिए निर्देशित किया। प्रबंध संचालक ने सभी प्रकार के निर्माण कार्यो को गति देने के लिए कॉन्ट्रैक्टरों को मानव संसाधनों तथा तकनिकी संयंत्रों में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रबंध संचालक द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहा (डी बी माल) मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया गया। मेट्रो अधिकारियों को निर्देश दिए की ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर मार्ग परिवर्तित कर निर्माण कार्य मे गति प्रदान करें। इसके बाद प्रबंध संचालक ने रानी कमलापति स्टेशन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की एवं स्पष्ट किया की इसी साल सितंबर में ट्रायल होना है उसके लिए सभी कार्य समय पूर्ण कर लिए जाएं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **34** | Hari Bhoomi | Bhopal | 26.01.23 | Front Page | फरवरी के अंत तक राजधानी आ जाएगी ट्रैक की पहली खेप | Factual |




*सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक मेट्रो निर्माण करने अधिसूचना फरवरी में*

# फरवरी के अंत तक राजधानी आ जाएगी ट्रैक की पहली खेप



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

सुभाष नगर से एम्स तक भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्टेशन की निर्माण प्रगति कार्यों का निरीक्षण बुधवार को मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने प्रबंध संचालक को बताया गया कि नवंबर 2022 की तुलना में जनवरी 2023 में निर्माण कार्य की रफ्तार दोगुनी हो गई है। इसी माह 22 पीयर आर्म्सय कास्ट होने की संभावना है, जो एक रिकॉर्ड होगा। इसके अलावा सुभाष नगर से करोंद चौराहा, रत्नागिरी चौराहा और भदभदा चौराहे तक मेट्रो रेल का निर्माण शुरू करने फरवरी में अधिसूचना जारी हो जाएगी।

## एमडी सिंह ने लिया निर्माण का जायजा

*एमडी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि प्रायोरिटी कॉरिडर के तहत लगभग 90 प्रतिशत सिविल कार्यों से संबंधित डिजाइन तथा ड्राइंग्स फाइनल की जा चुकी हैं एवं ठेकेदार को निर्देशित किया जा चुका है। प्रायोरिटी कॉरिडर से आगे के प्लान के लिए सुपर स्ट्रक्चर के डिजाइन पहले ही फाइनल की जा रही हैं, ताकि अगले कार्य में 5-6 माह जो डिजाइन में लगते थे, उसकी बचत होगी। भोपाल तथा इंदौर में कार्य प्रगति पर है तथा इसी कड़ी में फरवरी माह के अंत तक ट्रैक की पहली खेप भोपाल आ जाएगी। इसके बाद पटरियाँ डालने का काम शुरू कर दिया जाएगा।*

MPMETRO

**METRO NEWS**

**29th JANAUARY,2023**

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | Patrika | Bhopal | 29.01.2023 | 02 | अप्रैल में गणेश मंदिर से गायत्री ब्रिज तो सितंबर में मेट्रो ट्रेन-सिक्सलेन होगी शुरू | Neutral |



पत्रिका {भोपाल प्राइम} BHOPAL PRIME

पत्रिका भोपाल, रविवार, 29 जनवरी 2023 SUNDAY 02 patrika.com

मेट्रो ट्रेन और कोलार सिक्सलेन सितंबर में होंगे शुरू, इससे पहले गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर ब्रिज का होगा लोकार्पण, पांच लाख लोगों को जाम से मिलेगी राहत

## अप्रेल में गणेश मंदिर से गायत्री ब्रिज तो सितंबर में मेट्रो ट्रेन-सिक्सलेन होगी शुरू

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** शहर में गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक ढाई किमी लंबा ओवरब्रिज अप्रेल में शुरू हो जाएगा। इसके चार माह बाद बहुप्रतिक्षित मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होगा, साथ ही कोलार तिराहा से चूनाभट्टी, नहर तिराहा होते हुए गोल तक सिक्सलेन रोड भी शुरू हो जाएगी। तीन बड़े प्रोजेक्ट्स से शहर की पांच लाख से अधिक आबादी को सीधेतौर पर लाभ होगा।

### आवाजाही होगी आसान

गणेशमंदिर से गायत्री मंदिर ओवरब्रिज- ढाई किमी लंबे इस ब्रिज में गर्डर लांचिंग का काम इस सप्ताह पूरा हो जाएगा। यहां स्लैब का काम भी साथ ही चल रहा है। अधिकतम दो माह में ये पूरा हो जाएगा। शहर के इस सबसे लंबे ब्रिज पर नर्मदापुरम रोड की ओर से आकर अरेरा हिल्स, जिंसी समेत आगे जेल पहाड़ी रोड, जहांगीराबाद पुराने शहर में आवाजाही एमपी नगर के ट्रैफिक में बिना उलझे हो जाएगी। एमपी नगर में भी अन्य वाहनों का भार घटेगा तो यहां की मानसरोवर से प्रगति पेट्रोल पंप, बोर्ड ऑफिस और आगे की सड़कों का भार 40 फीसदी तक घट जाएगा। नर्मदापुरम रोड से आकर सावरकर ब्रिज उतरने के बाद गणेशमंदिर से ही ट्रैफिक इस नए ब्रिज पर चढ़ सकेगा। जिसे एमपी नगर जाना है वह ब्रिज के पास बीआरटीएस वाली रोड से होकर आगे बढ़ जाएगा।

### मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट

**मेट्रो** ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी लंबाई तक काम हो गया है। साकेत नगर से गणेशमंदिर की ओर फाटक पार कर मेट्रो रेलवे ब्रिज बनना है। इस काम में देरी हो रही, इसलिए सितंबर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एमपी नगर होते हुए जिंसी की ओर सुभाष ब्रिज तक करीब तीन किमी लंबाई में ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। संभवतः इस साल दिसंबर 2023 तक एम्स से रानी कमलापति के बीच भी ट्रेन शुरू हो जाएगी। इससे रेलवे स्टेशन से एमपी नगर, अरेरा हिल्स, सुभाष ब्रिज तक का ट्रैफिक मेट्रो में आवाजाही करना शुरू हो जाएगा।

शहर में बढ़ते ट्रैफिक के बीच ब्रिज बनाने और सड़कों को चौड़ा करने का काम तेज कर दिया गया है। इस मामले में हम लगातार फीडबैक लेकर जरूरी निर्देश भी दे रहे हैं। तय समय में काम पूरा कराया जाएगा।

**संजय मस्के,** एसई, पीडब्ल्यूडी

### कोलार सिक्सलेन

**222 करोड़** रुपए के इस प्रोजेक्ट में कलियासोत के सर्वधर्म ब्रिज की चौड़ाई बढ़ाने का काम 60 फीसदी हो गया। पीयर्स फरवरी में बन जाएंगे, इसके बाद 62 मीटर लंबाई में स्लैब बिछेगी। सिक्सलेन प्रोजेक्ट को सितंबर 2023 में पूरा करना है और चूनाभट्टी में स्लम हटाकर जगह बना ली गई है। गोल से बैरागढ़ चिचली की ओर भी 105 फीट रास्ते की जगह बना ली है। यहां रोड के लिए अन्य काम भी फरवरी में शुरू हो जाएंगे। फरवरी में ललीता नगर से सर्वधर्म तक रास्ते में आ रहे निर्माण हटाकर रोड के लिए जगह निकाल ली जाएगी। मौजूदा रोड को ढाई फीट तक ऊंचा उठाया जाएगा और फरवरी से यहां काम नजर आने लगेगा। गौरतलब है कि सितंबर के बाद ठेकेदार पर प्रतिदिन एक लाख रुपए की पैनाल्टी शुरू हो जाएगी। यहां करीब दो लाख लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | Metro Vaartha | Bhopal & Indore | 29.01.23 | 03 | Metro Tracks to come after Feb 15 | Neutral |



# Metro tracks to come after Feb 15

ALEX MUNDAPUZHA

**Indore**

With tracks for the Metro Rail here likely to arrive after February 15, the trial run may take another six months which would mean that it could happen only by August end. A 5-km priority corridor is being prepared for the trial.

Officials say that after February 15, the consignment of tracks will arrive. To complete the work on time, the pace has almost doubled since this year. After finalising the drawings and designs of about 90 per cent of the civil works related to the priority corridor, work has been handed over to the contractors.

Officials said the first track

**Trial run in August end**

consignment would probably be sent by Jindal Steel and Power after February 15. L&T in Bhopal and ISC and Taxmaco JV here have got the tender for laying tracks.

Sometime back, MP Metro Rail Corporation Limited managing director Manish Singh inspected the depot being constructed at Gandhinagar and is said to have reprimanded a senior official for negligence. He also had discussions with vendors supplying goods to the depot and said he should be contacted in case of any issue. He is said to made it clear that the trial run should be in August.

According to officials, Gandhinagar station will remain the biggest and important station here where three lines of which two will be for the metro train and the other for the depot.

MPMETRO

**METRO NEWS**

**30th JANAUARY,2023**

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | Times of India | Bhopal | 30.01.2023 | 03 | Spl tariff for metro rail in MP proposed | Neutral |



# Spl tariff for metro rail in MP proposed

Times News Network

**Bhopal:** Ahead of metro rail in Bhopal, there could be a special tariff for metro rail category in the state.

A special metro rail power tariff category has been proposed by discoms in the annual revenue requirement petition filed for the financial year 2023-24. Discoms have also proposed a tariff of Rs 6.10 per unit for metro rail along with separate fixed charges. Discoms have also provided the tariff at which metro rail is charged in other states, like in Delhi it is Rs 6.25 per unit, in Telangana it is Rs 4.95 per unit, in UP it is Rs 7.30 per unit, in Maharashtra it is 6.86 per unit and in Karnataka it is Rs 5.25 per unit (this is apart from the fixed charges that are levied on the basis of consumption).

"In Bhopal and Indore cities new connections are expected during the FY 2023-24 for the purpose of traction load and non-traction loads of Metro Rail. Envisaging the above, details regarding the projected load, load factor, etc., were sought from the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited. However, till drafting of this Petition, the Petitioners could not get the details necessary for projecting the sales and revenue for upcoming connections of Metro Rail (Traction and Non-Traction activity)", discoms have told the regulator in the ARR.



Adding further discoms said, "The Petitioners endeavour for their readiness to cater the connection on the demand of MPMRCL. As regard to readiness, the Petitioners have analysed, the tariff applicable to Metro Rail in other states for proposing the Tariff. The Petitioners hereby propose a separate tariff and Tariff Category for metro rail as the nature of services, load factor and other parameters are different from all other categories including Railways."

MPMETRO

**METRO NEWS**

**31st JANAUARY,2023**

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | Patrika | Bhopal | 31.01.2023 | 02 | प्रेस कॉम्प्लेक्स से सुभाष नगर तक आज से रहेगा रोड डाईवर्ट | Neutral |

पत्रिका भोपाल प्राइम BHOPAL PRIME 02 पत्रिका patrika.com भोपाल, मंगलवार 31 जनवरी 2023

## प्रेस कॉम्प्लेक्स से सुभाष नगर तक आज से रहेगा रोड डायवर्ट

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** राजधानी में केन्द्रीय विद्यालय के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के अंतर्गत प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इन्कम टैक्स तिराहा तक की सड़क बंद कर मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य किया जाना है।

ऐसे में एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने-जाने वाले वाहनों को डायवर्सन वाले रास्तों से आवागमन करना होगा। इसकी सूचना निर्माण कंपनी ने यातायात पुलिस को दी है। सुरक्षित यातायात के नजरिए से निर्माण कार्य के दौरान 31 जनवरी से 27 फरवरी तक यातायात डायवर्ट किया है।

- प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इन्कम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।
- केवल हल्के वाहन, दोपहिया, चार पहिया सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, निर्माण सदन, भूजल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन रहेगा।
- सभी हल्के, मध्यम, भारी एवं अनुमति प्राप्त वाहन सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर जा सकेंगे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | Dainik Jagran | Bhopal | 31.01.2023 | 03 | एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले ट्रफिक का डायवर्सन 27 फरवरी तक बढ़ा | Neutral |

# एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले ट्रैफिक का डायवर्सन 27 फरवरी तक बढ़ा

**मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक पुलिस ने बढ़ाया डायवर्सन**

**हमारे संवाददाता, भोपाल।** प्रेस कांपलेक्स तिराहे से इनकम टैक्स तिराहे तक की रोड बंद कर मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य किया जा रहा है। मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्सन किया गया है। निर्माण कंपनी की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने 31 जनवरी से 27 फरवरी 2023 तक डायवर्सन को बढ़ाया है। इस दौरान डायवर्सन व्यवस्था इस प्रकार रहेगी। ■ प्रेस कांपलेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा, /एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। ■ केवल दुपहिया/चार पहिया वाहन सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स आफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, निर्माण सदन, भूजल भवन, बीएसएनएल आफिस, प्रेस कांपलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कांपलेक्स, बीएसएनएल आफिस, भूजल भवन, निर्माण सदन, आरबीआई बैंक, इनकम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। ■ सभी वाहन हल्के /मध्यम/भारी एवं अनुमति प्राप्त वाहन सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स आफिस तिराहा, केंद्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यू आफिस, बीएसएनएल आफिस, प्रेस कांपलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन एमपी नगर, प्रेस कांपलेक्स तिराहा, बीएसएनएल आफिस, ईओडब्ल्यू आफिस, राजस्व राहत भवन तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, इनकम टैक्स आफिस तिराहा, सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | Dainik Jagran | Bhopal | 31.01.2023 | 05 | आवश्यक सूचना | Neutral |



# आवश्यक सूचना

**आमजन कृपया ध्यान दें**

भोपाल मेट्रो का कार्य प्रगति पर है अत: URC Construction द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहा और डीबी माल चौराहे के बीच मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य हेतु इन दोनों चौराहे के बीच का भाग 01 फरवरी, 2023 से 28 फरवरी, 2023 तक (रात्री 10 बजे से सुबह 5 बजे तक) पूर्णतया बंद रहेगा। इस समयावधि में सभी गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से जाएंगी।

**जनहित में जारी**

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 31.01.2023 | 03 | मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए आज से 28 दिन तक बंद रहेगा एमपी नगर-सुभाष नगर रूट | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 31-01-2023 Pg-J2

# मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए आज से 28 दिन तक बंद रहेगा एमपी नगर-सुभाष नगर रूट

## ट्रैफिक पुलिस ने लागू किया डायवर्सन प्लान

इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा तक की सड़क अगले 28 दिनों तक बंद रहेगी। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्सन प्लान आज से लागू कर दिया है। ये फैसला केंद्रीय विद्यालय के पास मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए लिया गया है। इसलिए 31 जनवरी से 27 फरवरी तक एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने-जाने वाला ट्रैफिक बदले हुए मार्ग से गुजरेगा। इस दौरान प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।

## इस रूट से आवाजाही कर सकेंगे हल्के वाहन..

सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले हल्के वाहन इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई, निर्माण सदन, भू-जल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे। लौटने वाले वाहन इसी रास्ते से गुजरेंगे। अन्य सभी वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, केंद्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा होकर आ-जा सकेंगे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | Nai Dunia | Bhopal | 31.01.2023 | 02 | मेट्रो ट्रेन के दोड़ने से पहले अप्रैल में आएगा विशेष डिब्बा, लोग देख सकेंगे | Neutral |


नईदुनिया
January 31, 2023



Lokesh

Indore | Bhopal | Gwalior | Jabalpur | Raipur | Bilaspur | Naidunia

सम्पूर्ण ई पेपर पढ़ने के लिए यहाँ पर क्लिक करें


# मेट्रो ट्रेन के दौड़ने से पहले अप्रैल में आएगा विशेष डिब्बा, लोग देख सकेंगे

- भीड़ वाले स्थान पर होगा प्रदर्शित कार्यशैली को समझ सकेंगे लोग
- भोपाल व इंदौर में सितंबर 2023 से मेट्रो का संचालन शुरू होगा

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** भोपाल व इंदौर में चलने वाली मेट्रो रेल के रैक का स्वरूप क्या होगा, यह अप्रैल महीने में विशेष डिब्बे के रूप में सामने आ जाएगा। यह माडल के रूप में होगा, जिसके अंदर जाकर दी गई सुविधाओं के बारे में आम लोग जान सकेंगे।

दरअसल, भोपाल व इंदौर में सितंबर 2023 से मेट्रो का संचालन शुरू करना है। इसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जुलाई माह से मेट्रो रेल के डिब्बे मिलने शुरू हो जाएंगे। इससे पहले मेट्रो रेल का माडल (माकअप) भोपाल में शहरवासियों को देखने के लिए रखा जाएगा। हालांकि, अभी यह मेट्रो का माडल कहां रखा जाएगा, यह जगह तय नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर इसे लगाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इसे देख सकें।

बता दें कि फ्रांस की वाहन कंपनी अल्स्टाम को भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के लिए मेट्रो ट्रेनों और विभिन्न प्रणालियों की आपूर्ति के लिए 3,200 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया है। इसके तहत कंपनी को 15 साल के व्यापक रखरखाव के साथ 156 मोविया मेट्रो कार की आपूर्ति करनी होगी। इसमें मेट्रो ट्रेन के संचालन एवं रखरखाव, सिग्नलिंग, ट्रेन नियंत्रण व दूर संचार प्रणाली, ट्रैक पर पावर सप्लाई का काम किया जाना है। कंपनी इन प्रणालियों का सात साल तक रखरखाव भी करेगी। अल्स्टाम की तीन-कार के विन्यास में 52 मानक गेज मोविया मेट्रो यात्री ट्रेन सेट के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण की भूमिका के लिए जिम्मेदार होगी। भोपाल के लिए 27 और इंदौर के लिए 25 ट्रेनें होंगी।



अभी विभिन्न शहरों में दौड़ रही मेट्रो ट्रेन। ● फाइल फोटो

**अप्रैल में आएगा माकअप, अगस्त में मेट्रो रेल:** मप्र मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो रेल का माकअप माडल अप्रैल माह में भोपाल आ जाएगा। इसके बाद इसे किसी सार्वजनिक स्थान पर नागरिकों के देखने के लिए रखा जाएगा। जिससे लोग मेट्रो ट्रेन के अंदर की कार्यशैली को समझ सकेंगे। इसे देखने के लिए जनता से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसे भोपाल में किस स्थान पर रखना है, इसका चयन किया जाना है। वहीं, सितंबर से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होना है, इसलिए इससे पहले अगस्त में भोपाल व इंदौर के लिए मेट्रो रेल की आपूर्ति कर दी जाएगी।

## जिंदल स्टील 15 फरवरी तक करेगा ट्रैक की आपूर्ति

मेट्रो का काम समय पर काम पूरा हो सके, इसलिए जनवरी महीने में काम की रफ्तार लगभग दोगुना हो गई है। प्रायोरिटी कारिडोर से जुड़े करीब 90 प्रतिशत सिविल कार्यों की ड्राइंग और डिजाइन को अंतिम रूप देकर ठेकेदारों को उसका जिम्मा सौंप दिया है। मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अधिकारियों के अनुसार संभवत: 15 फरवरी के बाद जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा रेलवे ट्रैक की पहली खेप भिजवा दी जाएगी। इसके बाद एलएंडटी कंपनी सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक पटरियां बिछाने का काम शुरू करेगी।

"मेट्रो रेल का ट्रायल रन सितंबर महीने में शुरू होना है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार यह तिथि अपरिवर्तनीय है। ऐसे में तय समय में काम पूरा करने के लिए निर्माण कार्यों की रफ्तार दोगुनी कर दी गई है।

– मनीष सिंह, एमडी मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | Nai Dunia | Bhopal | 31.01.2023 | 11 | आवश्यक सूचना | Neutral |

# आवश्यक सूचना

आमजन कृपया ध्यान दें। भोपाल मेट्रो का कार्य प्रगति पर है अतः RC Construction द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहा और डी बी माल चौराहे के बीच मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य हेतु इन दोनों चौराहे के बीच का भाग 01 फरवरी 2023 से 28 फरवरी 2023 तक (रात्रि 10 बजे से सुबह 5 बजे तक) पूर्णतया बंद रहेगा। इस समयावधि में सभी गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से जाएंगी।

**जनहित में जारी**

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | Hari Bhoomi | Bhopal | 31.01. 2023 | 01 | मेट्रो रेल स्टेशन का निर्माण कार्य: एमपीनगर से सुभाष नगर तक 28 दिन ट्राफिक रहेगा डाईवर्ट | Neutral |

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 31 जनवरी 2023

# मेट्रो रेल स्टेशन का निर्माण कार्यः एमपी नगर से सुभाष नगर तक 28 दिन ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में केन्द्रीय विद्यालय के पास मेट्रो रेल स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अतः प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा तक की रोड बंद की गई है। मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने-जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्सन किया गया है। उक्त जानकारी निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई हैं। इस दौरान 31 जनवरी से 27 फरवरी तक यातायात डायवर्ट रहेगा। प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल हल्के वाहन, दो पहिया और चार पहिया वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, निर्माण सदन, भुजल भवन, बीएसएनएल आफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स आ जा सकेंगे।

## यहां से गुजरेंगे वाहन

इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कॉम्पलेक्स, बीएसएनएल ऑफिस, भुजल भवन, निर्माण सदन, आरबीआई बैंक, इनकम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। सभी हल्के वाहन सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आ जा सकेंगे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | Agnibaan | Bhopal | 31.01.2023 | 03 | राजधानी में जल्द चलेगी मेट्रो ट्रेन ओर शुरू होगी सिक्सलेन | Neutral |



अग्निबाण 3
भोपाल, सोमवार 30 जनवरी 2023

# राजधानी में जल्द चलेगी मेट्रो ट्रेन और शुरू होगी सिक्सलेन

## चार माह बाद बहुप्रतिक्षित मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा शुरू

भोपाल, अग्निबाण संवाददाता।

**राजधानी में मेट्रो ट्रेन का संचालन जल्द शुरू होगा। इसके लिए शहर में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। शहर में गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक ढाई किमी लंबा ओवरब्रिज अप्रेल में शुरू हो जाएगा। इसके चार माह बाद बहुप्रतिक्षित मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होगा, साथ ही कोलार तिराहा से चूनाभट्टी, नहर तिराहा होते हुए गोल तक सिक्सलेन रोड भी शुरू हो जाएगी। तीन बड़े प्रोजेक्ट्स से शहर की पांच लाख से अधिक आबादी को सीधेतौर पर लाभ होगा।**

ढाई किमी लंबे इस ब्रिज में गर्डर लांचिंग का काम इस सप्ताह पूरा हो जाएगा। यहां स्लैब का काम भी साथ ही चल रहा है। अधिकतम दो माह में ये पूरा हो जाएगा। शहर के इस सबसे लंबे ब्रिज पर नर्मदापुरम रोड की ओर से आकर अरेरा हिल्स, जिंसी समेत आगे जेल पहाड़ी रोड, जहांगीराबाद पुराने शहर में आवाजाही एमपी नगर के ट्रैफिक में बिना उलझे हो जाएगी। एमपी नगर में भी अन्य वाहनों का भार घटेगा तो यहां की मानसरोवर से प्रगति पेट्रोल पंप, बोर्ड ऑफिस और आगे की सड़कों का भार 40 फीसदी तक घट जाएगा। नर्मदापुरम रोड से आकर सावरकर ब्रिज उतरने के बाद गणेशमंदिर से ही ट्रैफिक इस नए ब्रिज पर चढ़ सकेगा। जिसे एमपी नगर जाना है वह ब्रिज के पास बीआरटीएस वाली रोड से होकर आगे बढ़ जाएगा।

### मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट- एम्स से सुभाष ब्रिज

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी लंबाई तक काम हो गया है। साकेत नगर से गणेशमंदिर की ओर फाटक पार कर मेट्रो रेलवे ब्रिज बनना है। इस काम में देरी हो रही, इसलिए सितंबर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एमपी नगर होते हुए जिंसी की ओर सुभाष ब्रिज तक करीब तीन किमी लंबाई में ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। संभवत- इस साल दिसंबर 2023 तक एम्स से रानी कमलापति के बीच भी ट्रेन शुरू हो जाएगी। इससे रेलवे स्टेशन से एमपी नगर, अरेरा हिल्स, सुभाष ब्रिज तक का ट्रैफिक मेट्रो में आवाजाही करना शुरू हो जाएगा।

### कोलार सिक्सलेन- 60 फीसदी हो गया

222 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट में कलियासोत के सर्वधर्म ब्रिज की चौड़ाई बढ़ाने का काम 60 फीसदी हो गया। पीयर्स फरवरी में बन जाएंगे, इसके बाद 62 मीटर लंबाई में स्लैब बिछेगी। सिक्सलेन प्रोजेक्ट को सितंबर 2023 में पूरा करना है और चूनाभट्टी में स्लम हटाकर जगह बना ली गई है। गोल से बैरागढ़ चिचली की ओर भी 105 फीट रास्ते की जगह बना ली है। यहां रोड के लिए अन्य काम भी फरवरी में शुरू हो जाएंगे। फरवरी में ललीता नगर से सर्वधर्म तक रास्ते में आ रहे निर्माण हटाकर रोड के लिए जगह निकाल ली जाएगी। मौजूदा रोड को ढाई फीट तक ऊंचा उठाया जाएगा और फरवरी से यहां काम नजर आने लगेगा। गौरतलब है कि सितंबर के बाद ठेकेदार पर प्रतिदिन एक लाख रुपए की पैनाल्टी शुरू हो जाएगी। यहां करीब दो लाख लोगों को जाम से राहत मिलेगी।